# नांदगांव टाइम्स




।। जय श्री जलाराम।।

श्री जलाराम प्रॉपर्टी डीलर

अचित दर पर मकान, फ्लैट, डुप्लेक्स, दुकान, ऑफिस, गोदाम, जमीन, प्लाट की खरीदी-बिक्री हेतु संपर्क करें।

नोट :- मकान, फ्लैट, दुकान, गोदाम किराये पर लेने एवं देने की विशेष व्यवस्था साथ ही जमीन प्लाट हेतु डायवर्सन के दस्तावेज व ऋण पुस्तिका बनवाने के कार्य की सुविधा।

ऑफिस- बागड़ी ब्रदर्स के बाजू में, रामाधीन मार्ग, राजनांदगांव।

मो: 98274-61508, 83192-88559


सोमवार, 11 नवंबर 2024, राजनांदगांव | आरएनआई 30910/76 | वर्ष 49, अंक 30, पृष्ठ 04, मूल्य 3 रुपए

## कांग्रेस और उसके साथी आदिवासियों को कभी ऊंचाई पर नहीं देख सकते : पीएम



**गुमला।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को झारखंड के गुमला हवाई अड्डा मैदान में आयोजित चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस, झामुमो और राजद को आदिवासियों का दुश्मन करार दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और उसके साथी आदिवासियों को ऊंचाई पर नहीं देख सकते। भाजपा ने आदिवासी समाज की बेटी द्रौपदी मुर्मू को देश का राष्ट्रपति बनाया, पर द्रौपदी मुर्मू के साथ कांग्रेस का क्या व्यवहार रहा है, ये पूरा देश जानता है। कांग्रेस ने उन्हें राष्ट्रपति चुनाव में हराने के लिए पूरी ताकत लगा दी। झारखंड में चंपई सोरेन के साथ जो हुआ, ये उनकी इसी सोच का नतीजा है। पीएम मोदी ने कहा कि इस चुनाव में झारखंड में मुझे जहां-जहां जाने का अवसर मिला, वहां हर रैली पहले वाली रैली का रिकॉर्ड तोड़ देती है। गुमला की रैली में आए लोगों की भीड़ बताती है कि हवा का रुख क्या है। उन्होंने कहा कि झारखंड में घुसपैठ रोकने और झारखंड की पहचान बचाने के लिए यहां भाजपा सरकार चाहिए। नौजवानों को नौकरी और महिलाओं को सुरक्षा मिले, इसके लिए भाजपा की सरकार चाहिए। आज आदिवासी, ओबीसी और दलितों की पहली पसंद भाजपा और एनडीए है। उन्होंने झामुमो और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि इन दोनों पार्टियों ने झारखंड को हमेशा पिछड़ा रखा है, जबकि भाजपा और एनडीए ने झारखंड को बड़ी-बड़ी योजनाओं का केंद्र बनाया है। पहले दिल्ली से योजनाएं शुरू होती थी। हमने बिना गारंटी के लोन देने वाली मुद्रा योजना दुमका से शुरू की थी। आयुष्मान भारत योजना रांची और पीएम जन मन योजना खूंटी से शुरू हुई थी। आदिवासी गांवों में भाजपा सरकार 80,000 करोड़ खर्च करने वाली है। इन पैसों से अच्छे स्कूल बनेंगे, अच्छे अस्पताल बनेंगे, यहां के बच्चों के लिए ट्रेनिंग सेंटर बनेंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा और एनडीए की सरकार सबका साथ, सबका विकास इस मूल मंत्र पर चल रही है। इसी रास्ते पर चलकर झारखंड और भारत विकसित होगा, लेकिन झामुमो-कांग्रेस के इरादे कुछ अलग हैं। कांग्रेस का शाही परिवार दलित, आदिवासी और ओबीसी समाज की एकता को तोड़ना चाहता है। वे एससी-एसटी और ओबीसी को मिला आरक्षण छीनना चाहते हैं। कांग्रेस चाहती है कि आदिवासी समुदाय आपस में लड़ें और कमजोर हो जाएं। ये उरांव को मुंडा से और चीक-बड़ाइक को महली से लड़वाना चाहते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने झारखंड में कांग्रेस नेताओं के यहां छापेमारी में बरामद रकम का जिक्र करते हुए कहा कि आपने तो झामुमो और कांग्रेस के मंत्रियों के नोटों के पहाड़ देखे हैं, पर मोदी आपके पैसों को लूटने नहीं देगा। जिन्होंने आपका पैसा लूटा है, उन्हें लौटाना पड़ेगा और जिंदगी जेल में गुजारनी पड़ेगी। झारखंड के नौजवानों का नुकसान झामुमो-कांग्रेस ने सबसे ज्यादा किया है। बीते पांच सालों में कोई ऐसा पेपर नहीं है, जो लीक नहीं हुआ है। ऐसी कोई सरकारी भर्ती नहीं है, जिसमें धांधली नहीं हुई है। भाजपा-एनडीए की सरकार इनके हर भ्रष्टाचार का हिसाब चुकता करेगी। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार ने बीते दस सालों में छोटे किसानों को सबसे ज्यादा प्राथमिकता दी है। यही वजह है कि गुमला के किसानों के खाते में पीएम सम्मान निधि के 500 करोड़ पहुंचे हैं। गुमला में रागी जैसा च्श्री अन्नज् उगाया जाता है। हम च्श्री अन्नज् के रूप में पूरी दुनिया में रागी की फसल को पहुंचाने जा रहे हैं। झारखंड भाजपा ने किसानों के लिए जो घोषणाएं की हैं, वो बहुत ही प्रशंसनीय हैं। 23 नवंबर के बाद एनडीए सरकार सभी गारंटियों को पूरा करेगी, ये मेरी गारंटी है। भारत तभी विकसित होगा जब नारी विकसित होगी। यही बात झारखंड की माताओं-बहनों के लिए भी है। पीएम मोदी ने कहा कि झारखंड भाजपा ने भी 'गोगो दीदी योजना' का ऐलान किया है। 'गोगो दीदी योजना' के तहत महिलाओं के खाते में हर महीने हजारों रुपये जमा होने वाले हैं। उन्होंने लोगों से भाजपा, आजसू, जदयू और एलजेपी के उम्मीदवारों को विजयी बनाने की अपील करते हुए कहा कि आपका हर वोट 'विकसित भारत, विकसित झारखंड' के सपने को गति देगा। मुझे झारखंड में हर गरीब को पक्का घर देना है। यह आपके वोट की ताकत है कि मोदी हर गरीब को घर दे पा रहा है।

## रायपुर दक्षिण उपचुनाव में चढ़ा चुनावी पारा

### भाजपा-कांग्रेस ने लगाया जोर, प्रचार- प्रसार में उतरे नेता

धीरज तिवारी

**रायपुर ( नांदांव टाइम्स ) )।** रायपुर दक्षिण उपचुनाव में वोटिंग के लिए तीन दिन बाकी रह गए हैं ।ऐसे में अब भाजपा-कांग्रेस के पदाधिकारी क्षेत्र की जनता से अब रुझान लेना शुरू कर दिए हैं। राजधानी रायपुर के दक्षिण विधानसभा सीट पर हो रहे उप चुनाव के लिए अब सिर्फ दो दिन ही बाकी है। दोनों ही प्रमुख पार्टी के वरिष्ठ अपने-अपने प्रत्याशियों के पक्ष में प्रचार करने के लिए पूरा जोर लगाना शुरू कर दिया है। भाजपा के नेता जहां बूथ स्तर पर सियासी जमीन टटोलने के साथ क्षेत्र में हर दिन रोड शो कर रही है, तो कांग्रेस के दिग्गज नेता जगह-जगह चुनावी सभाएं कर वोटरों को भाजपा सरकार की कमियां बता रहे है। साथ ही रायपुर दक्षिण के विकास की अनदेखी करने का आरोप लगा रही है। कुल मिलाकर दोनों ही पार्टी प्रत्याशियों को जिताने के लिए अलग-अलग रणनीति बनाकर प्रचार करने में जुटी हुई है। इस उप चुनाव के बहाने वार्डों के भाजपा-कांग्रेस पार्षद भी अपना-अपना गढ़ बचाने के लिए पूरी ताकत झोंक दिए है। ताकि आगामी निकाय चुनाव में उन्हें ज्यादा मेहनत न करना पड़े। जिस वार्ड में भाजपा के पार्षद हैं, वहां कांग्रेस के पार्षद टिकट के दावेदार पार्षद की पोल खोलकर कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में महौल बना रहे हैं। वहीं जहां कांग्रेस के पार्षद हैं, वहां भाजपा के पार्षद टिकट के दावेदारों द्वारा कांग्रेस पार्षद की पोल खोल रहे हैं और भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में वोटरों के बीच महौल बनाने में जुटे हुए हैं। वहीं, उपचुनाव में दक्षिण का किला भेदने के लिए प्रदेश कांग्रेस के सभी दिग्गज नेता अपने प्रत्याशी आकाश शर्मा के समर्थन में प्रचार में उतर गए हैं।



## जब सब कुछ भगवान के ऊपर छोड़ कर कर्म करते हैं भगवान स्वयं रास्ता बनाते हैं....



**लखराम ( नांदगांव टाइम्स )।** माँ कामाख्या धर्मादा ट्रस्ट भारतवर्ष के तत्वाधान में लखराम में आयोजित भागवत कथा में परम पूज्य गुरुदेव श्री संकर्षण शरण जी (गुरुजी) ने आज कृष्ण अवतार की कथा बताए, गुरुजी यह बताएं कि जब हम सब कुछ भगवान के ऊपर छोड़ देते हैं शरणागत हो जाते है भगवान स्वयं व्यवस्था कर देते हैं यमुना नदी में जब जल काफी ऊपर आ गया भगवान चरण बाहर निकलते हैं और यमुना मैया का जल अपने आप नीचे हो जाता है रास्ता बन जाता है जब हम भगवान को धारण करते हैं सब कुछ भगवान के ऊपर छोड़ देते हैं शरणागत हो जाते है भगवान स्वयं व्यवस्था कर देते हैं, जब हम माया को धारण करते हैं फिर से बंधन में बंध जाते हैं जब वासुदेव भगवान कृष्ण को सिर पर धारण किए सारी बेड़िया खुल गई सब रास्ते बन गए लेकिन जैसे ही योग माया को धारण किया फिर से बंधन में आ जाते हैं, जब हम माया को धारण करते हैं फिर से बंधन में बंध जाते हैं,सोहर गीत, जन्मोत्सव ,नृत्य किया गया और बधाई बांटी गई सबके मन में काफी उत्साह और आनंद था। काफी संख्या में लोगों की भीड़ रही,लोग यू ट्यूब से भी जुड़कर कथा सुन रहे है।

## बेटी बचाओ मंच ने मनाया आंवला नवमी

**रायपुर ( नांदगांव टाइम्स )।** बेटी बचाओ मंच के पदाधिकारियो ने अनुपम गार्डन में आवला पूजन संपन्न किया। मंच के पदाधिकारियो ने अक्षत, रोली, धूप, दीप के साथ पूजन कर मौली धागा से आठ परिक्रमा किया। उक्त अवसर पर मंच के प्रदेश अध्यक्ष ललित मिश्रा ने आज के दिन आवला पेड़ के महत्व व धार्मिक मान्यता को विस्तार से बताया। उन्होंने कहा इस दिन आवला पेड़ में ब्रह्मा, विष्णु, महेश विराजते हैं तथा माता लक्ष्मी उनकी पूजा करती है। इस दृष्टि से



इस दिन पूजन से मनवांछित फल की प्राप्ति होती है। पदाधिकारी अपने-अपने घर से बनाकर लाये विविध व्यंजन का पेड़ के नीचे मिल बैठकर लुफ्त उठाए। धार्मिक गीत, भजन आदि का आयोजन भी किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से लीला रहंगडाले, आशा चंद्राकर, विजयलक्ष्मी दीवान, प्रीति मिश्रा, रंभा चौधरी, सरिता कटरे, हेमा यादव, संतोषी जैतवार, सुषमा काले , संध्या पांडे, मीनाक्षी गौतम, लीमन गौतम सहित पदाधिकारी उपस्थित थे।

## झेरिया यादव समाज ने 10 लाख रुपए स्वीकृत कराने पर मधुसूदन का माना आभार

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** संयुक्त जिला-राजनांदगांव, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, मोहल्ला-मानपुर- चौकी के तहसील-डोंगरगांव झेरिया यादव समाज हेतु मधुसूदन यादव उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ के निर्देशन तथा दिनेश गांधी पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राजनंदगांव एवं वरिष्ठ भाजपा नेता, राम कुमार गुप्ता मंडल अध्यक्ष डोंगरगांव, संतोष यादव महामंत्री जिला भाजपा के सहयोग से डोंगरगांव तहसील झेरिया यादव समाज सामुदायिक भवन हेतु 10 लाख 13 हजार रुपए प्रशासकीय स्वीकृति दिलाने पर जिला झेरिया यादव समाज राजनांदगांव के पदाधिकारियों द्वारा सभी का सम्मान करते हुए धन्यवाद ज्ञापित कर आभार व्यक्त किया गया । इस अवसर पर ज्योतिष राम यादव संयुक्त जिला अध्यक्ष, जी आर अहीर संरक्षक, पन्नालाल यादव अध्यक्ष परिक्षेत्र डोंगरगांव, मनोज यादव उपाध्यक्ष, कौशल यादव सचिव, गुरुदेव यादव कोषाध्यक्ष, मदन यादव कार्यकारिणी सदस्य, सतीश यादव कार्यकारिणी सदस्य सहित बड़ी संख्या में स्वजातीय बंधु उपस्थित थे ।



## श्रीनगर में सुरक्षाबलों ने आतंकियों को घेरा, मुठभेड़ जारी

**श्रीनगर।** पुलिस ने रविवार को बताया कि पुलिस और सुरक्षा बलों की संयुक्त टीम को उस क्षेत्र में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में सूचना मिलने के बाद अभियान शुरू किया गया। बताया जा रहा है कि सुरक्षाबलों ने 3-4 आतंकियों को घेर लिया है, वहीं इस दौरान दोनों ओर से गोलीबारी हो रही है। हाल के दिनों में जम्मू-कश्मीर में आतंकवादियों और सुरक्षाबलों के बीच कई मुठभेड़ हुई, जिनमें कई आतंकवादी और उनके कमांडर मारे गए हैं। वहीं, कुछ सुरक्षा बलों के जवान भी हताहत हुए हैं। महत्वपूर्ण बात यह है कि आतंकवादी गतिविधियां अब जम्मू-कश्मीर के उन इलाकों में भी हो रही हैं, जो इस तरह की घटनाओं से मुक्त माने जा रहे थे। इसमें कश्मीर में श्रीनगर और जम्मू में चेनाब घाटी, उधमपुर और कठुआ के इलाके शामिल हैं। जम्मू में अत्यधिक प्रशिक्षित आतंकवादी वाहनों पर घात लगाकर हमला कर रहे हैं और ग्रेनेड और गोलियों के साथ-साथ एम4 असॉल्ट राइफ्लों का इस्तेमाल कर रहे हैं। सूत्रों का कहना है कि बढ़ते आतंकवाद और आतंकवादियों द्वारा अत्याधुनिक हथियारों के इस्तेमाल से खतरे के स्तर में वृद्धि का संकेत मिलता है। लगातार हो रहे हमलों ने राजनीतिक आलोचना को जन्म दिया है और सुरक्षा उपायों को मजबूत करने की मांग की है।



## श्याम प्रभु के जन्मोत्सव के दूसरे दिन आज निकलेगी भव्य निशान यात्रा

### रसिया ग्रुप चंग धमाल होगा आकर्षण का मुख्य केंद्र, श्याम कुटी से प्रारंभ होगी निशान यात्रा

**राजनंदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** खाटू वाले श्याम प्रभु के जन्मोत्सव पर आयोजित चार दिवसीय महोत्सव के दूसरे दिन आज 11 नवंबर को भव्य निशान यात्रा रामाधीन मार्ग स्थित श्री श्याम कुटी से प्रारंभ होगी। जिसमें सैकड़ो की संख्या में मातृशक्ति एवं युवा शक्ति के द्वारा अपने हाथों में धर्म ध्वजा निशान उठाए जाएंगे। निशान यात्रा शाम 5:00 बजे प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए श्री हनुमान श्याम मंदिर जी ई रोड रायपुर नाका पहुंचेगी। श्री श्याम भरोसे परिवार के राजेश शर्मा , अमित खंडेलवाल , बंसी अग्रवाल , योगेश लोहिया , संतोष बावरिया , दीप्ति ओमप्रकाश अग्रवाल , प्रीति शंकर खंडेलवाल , अनिका श्याम अग्रवाल एवं श्वेता संतोष पुरोहित द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार खाटू वाले श्याम प्रभु के चार दिवसीय जन्मोत्सव के प्रथम दिवस 10 नवंबर को श्याम नाम की मेहंदी सैकड़ो माता - बहनों एवं बंधुओ ने अपने हाथ में



रचवाकर श्याम प्रभु के प्रति अपनी श्रद्धा प्रकट की। आज 11 नवंबर को श्याम प्रभु की भव्य निशान यात्रा श्री श्याम कुटी रामाधीन मार्ग से प्रारंभ होकर श्याम मंदिर गली से कामठी लाइन होते हुए भारत माता चौक, तिरंगा चौक से रामाधीन मार्ग , जी ई रोड होते हुए श्री हनुमान श्याम मंदिर पहुंचेगी। यहां भक्तों के द्वारा उठाए गए निशान श्याम प्रभु को समर्पित किया जाएगा। निशान यात्रा में श्याम प्रभु की विशेष अलौकिक दर्शनीय झांकी प्रस्तुत की जाएगी। इस निशान यात्रा का विशेष आकर्षण कोलकाता के रसिया ग्रुप चंग धमाल का होगा ,जो नगर में पहली बार प्रदर्शित हो रहा है। चंग धमाल की मस्ती में श्रद्धालु भक्त माता - बहने एवं बंधु गण हाथों में धर्म ध्वजा लहराते नृत्य करते हुए निशान यात्रा में सम्मिलित होंगे। श्री श्याम भरोसे परिवार ने नगर की धर्मप्रेमी माता - बहनों एवं बंधुओ से आग्रह किया है कि वह इस दिव्य निशान यात्रा में शामिल होकर पुण्य लाभ प्राप्त करें।

## सीईओ जिला पंचायत द्वारा ग्राम कोटरासरार, जंगलपुर, रामपुर में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं मुख्यमंत्री आवास योजना अंतर्गत सभी स्वीकृत आवासों का किया गया निरीक्षण



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम कोटरासरार, जंगलपुर, रामपुर में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण एवं मुख्यमंत्री आवास योजना अंतर्गत सभी स्वीकृत आवासों का निरीक्षण किया। उन्होंने अप्रारंभ एवं निर्माणाधीन आवास हितग्राहियों को सामूहिक रूप से सामग्री खरीदने, ग्राम पंचायत में मेसन की उपलब्धता एवं मजदूरी भुगतान के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने आवास निर्माण कार्य को समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने अप्रारंभ आवास निर्माण कार्य को तत्काल प्रारंभ करने एवं जिला समन्वयक, विकासखंड समन्वयक एवं संबंधित अधिकारियों को नियमित रूप से निरीक्षण कर कार्य में तत्काल प्रगति लाने निर्देश दिया। इस दौरान प्रधानमंत्री आवास योजना के जिला समन्वयक, विकासखंड समन्वयक, तकनीकी सहायक, आवास नोडल तथा ग्राम पंचायत के सरपंच, सचिव एवं रोजगार सहायक उपस्थित थे।



## गाय माता को राज्य माता घोषित करे - राकेश ठाकुर



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** आज गोपाष्टमी के पावन पर्व पर संस्कारधानी सनातन धर्म सेवा परिवार राजनांदगाँव द्वारा माननीय मुख्यमंत्री जी के नाम ज्ञापन सौपा गया है। ज्ञापन मे देशी गाय माता का राज्य माता घोषित करने समिति द्वारा निवेदन किया गयाहै। सनातन धर्म सेवा प्रमुख राकेश ठाकुर अधिवक्ता ने बताया कि, गौ, गीता और गंगा देश के साथ छत्तोसगढ़ राज्य की सांस्कृतिक पहचान है। गौ पालन एवं गौ सेवा के लिए छत्तीसगढ़ का देश मे प्रमुख स्थान है। यहां गाँव मे लगभग सभी घरों मे गौ पालन किया जाता है। गौ माता का आध्यात्मिक एवं पौराणिक महत्व के साथ हमारे प्रदेश मे गौ पालन से कई परिवारों का निरंतर पीढी दर पीढ़ी पालन पोषण होता आ रहा है। गौ माता हमारे प्रदेश की जीवन रेखा है। इनके उत्थान संरक्षण एवं देखभाल को विशेष आवश्यकता है। बिना गौ माता के छत्तीसगढ़ प्रदेश की कल्पना नही की जा सकती है। आज हर गाँव और शहर कस्बे मे गौठान बनाया गया है। आज गोपाष्टमी का पावन पर्व है। विदित हो कि, पूर्व मे महाराष्ट्र शासन द्वारा गौ माता को राज्य माता घोषित कर प्रथम राज्य होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। श्री राकेश ठाकुर अधिवक्ता ने छत्तीसगढ़ सरकार से अपील की है कि, छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा देशी गाय माता को राज्य माता घोषित कर। जिससे छत्तीसगढ़ राज्य महाराष्ट्र के बाद दूसरा राज्य माता घोषित करने का सौभाग्य होगा एवं प्रदेश की जनभावना एवं बहू प्रतिक्षित मांग को पूरा कर प्रदेश हित मे महत्वपूर्ण कदम होगा। ज्ञापन सौपने वालो मे पमुख रूप से जयनारायण सिंह, महाकाल समिति प्रमुख राजू डागा, अमलेन्दू हाजरा अधिवक्ता, पंकज गुप्ता अधिवक्ता, समाज सेवी राकेश इन्दूभूषण ठाकुर, समाज सेवी अमित खण्डेलवाल, जीवन मानिकपुरी एवं अन्य सनातन धर्मप्रेमीगण उपस्थित थे। उक्त ज्ञापन नायब तहसीलदार श्री राकेश कुमार नागवंशी को सौपा गया ।

nandgaon times 11nov-03.qxd 11/10/2024 10:12 PM Page 2



# ग्राम रामपुर में मनाया गया स्वच्छता त्यौहार

## स्वच्छता त्यौहार में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी-कर्मचारी, ग्रामीणजन हुए शामिल



**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल के मार्गदर्शन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह के निर्देशन में जिले में प्रत्येक शनिवार को स्वच्छता त्यौहार मनाया जा रहा है। इसके अंतर्गत गांव की साफ-सफाई की जा रही है। डोंगरगांव विकासखंड के ग्राम रामपुर में जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारी-कर्मचारियों ने गांव की साफ-सफाई कर स्वच्छता त्यौहार मनाया गया। अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती गीता साहू, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्री भरत वर्मा, सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी एवं ग्रामवासियों द्वारा ग्राम रामपुर में बाजार के आसपास श्रमदान कर साफ-सफाई की गई और लोगों को घरों के साथ-साथ अपने गांव, गली मोहल्ले को स्वच्छ रखने के लिए विशेष स्वच्छता अभियान चलाकर ग्रामवासियों को स्वच्छता के प्रति प्रेरित किया गया। इस अवसर पर युवोदय के वालंटियर द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया गया।

अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती गीता घासी साहू ने स्वच्छता गतिविधियों की सराहना करते हुए कहा कि जिले में स्वच्छता त्यौहार मनाना बड़े गर्व की बात है क्योंकि स्वच्छता से ही हमारा पूरा परिवार स्वस्थ रहता है। स्वच्छता रखने से किसी प्रकार की बीमारी होने का खतरा कम होता है। उन्होंने ग्रामीणों से अपील किया कि ग्राम में स्वच्छता दीदीयों का सम्मान करें और अपने घरों से निकलने वाले सूखे कचरे को स्वच्छता दीदीयों को ही दें, जिससे ग्राम में गंदगी नहीं होगी और गांव स्वच्छ रहेगा। उन्होंने सभी ग्रामवासियों, स्कूली बच्चे तथा अधिकारी-कर्मचारियों को स्वच्छता शपथ दिलाकर सभी को प्रति सप्ताह 2 घंटे स्वच्छता के लिए श्रमदान करने व ग्राम में एक दिन साफ-सफाई करने के लिए प्रेरित किया गया।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह द्वारा बताया गया कि प्रत्येक गांव में सभी आधिकारी और कर्मचारियों तथा पंचायत सचिव, शिक्षा विभाग, बिहान की दीदीयों के साथ सभी ग्रामवासी स्वच्छता त्यौहार में सम्मिलित होते हैं। उन्होंने बताया कि देश में स्वच्छ भारत अभियान की 10वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि हमारे स्वभाव व संस्कार में स्वच्छता होना चाहिए, जिससे हमारे जिले के गांव देश के स्वच्छ राज्यों की तरह स्वच्छ और सुंदर ग्राम के रूप में संवार रहे है।

उन्होंने बताया कि जिले के डोंगरगांव, छुरिया और राजनांदगांव विकासखंड को ओडीएफ प्लस घोषित किया गया है। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्री भरत वर्मा ने कहा कि जिले में स्वच्छता का बेहतर कार्य किया जा रहा है। प्रत्येक ग्राम में स्वच्छता त्यौहार शनिवार को मनाया जा रहा है, जिसमें आज हर गांव में स्वच्छ सुंदर ग्राम दिखाई दे रहा है। उन्होंने सभी ग्रामवासी तथा जिलेवासियों से अपील किया गया कि अपने घरों से निकलने वाले सूखा कचरा को स्वच्छाग्रही दीदीयों को देने के साथ प्रत्येक परिवार को स्वच्छता शुल्क दिए जाने की अपील की गई है तथा अपने ग्राम को स्वच्छ सुंदर गांव बनाने की अपील की। इस अवसर पर जिला पंचायत सभापति श्रीमती इंदुमती चरण साहू, जनपद सदस्य श्री मनीष साहू ने स्वच्छता रखने के लिए ग्रामीणों को जागरूक किया। मुख्य कार्यपालिका अधिकारी जनपद पंचायत डोंगरगांव सुश्री रोशनी भगत टोप्पों द्वारा आभार व्यक्त किया गया। कार्यक्रम में सहायक परियोजना अधिकारी श्रीमती भगवती साहू, जनपद पंचायत डोंगरगांव के करारोपण अधिकारी, कार्यक्रम अधिकारी, मनरेगा, खण्ड समन्वयक, सब इंजीनियर, संकाय सदस्य, तकनीकी सहायक, शिक्षक, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, एनआरएलएम के क्षेत्रीय समन्वयक, पीआरपी महिला समूह की सदस्य और बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।



# यमुना कोमरे ने बांटी 10 आंगनबाड़ी केंद्रों को कूलर




**बांधाबाजार (नांदगांव टाइम्स)।** विकासखंड अ चौकी के ग्राम कोरचाटोला में कूलर वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय जनपद सदस्य श्रीमती जमुना कोमरे ने क्षेत्र की 10 आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए कूलर वितरित किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जनपद सदस्य श्रीमती यमुना कोमरे, श्रीमती शैल तिवारी सुपरवाईजर महिला बाल विकास विभाग, प्राचार्य ओ पी महला, गौरसिंह कोमरे शिक्षक, थनवार सहारे वार्ड पंच, मोबाईल क्रेचेस से इंदल सिंह कोर्राम, भुपेंद्र मलगामे सहित कोरचाटोला सेक्टर से 15 आंगनवाड़ी कार्यकर्ता उपस्थित थी। कार्यक्रम के प्रारंभ में शैल तिवारी ने आंगनवाड़ी केंद्रों में कूलर वितरण करने पर जनपद सदस्य श्रीमती यमुना कोमरे को धन्यवाद ज्ञापित किया तथा सभी आंगनबाड़ी केन्द्रों में सुविधा विस्तार पर जोर दिया । श्रीमती यमुना कोमरे ने कहा कि आंगनवाड़ी केंद्रों में कूलर की व्यवस्था होने से बच्चों को बेहतर वातावरण मिलेगा। बच्चों को बेहतर वातावरण मिलने से उनके समग्र विकास में मदद मिलेगी। उन्होंने बच्चों के लिए हर संभव मदद का आश्वासन भी दिया। इस अवसर पर क्षेत्र की आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व ग्रामीण जन उपस्थित थे।

## मकान दिलाने के नाम पर ऐंठे लाखों रुपए, गिरफ्तार

**रायपुर।** विवरण यह है कि दिनांक 14.09.2024 को प्रार्थिया अनामिका वैष्णव व अन्य के द्वारा आरोपी राकेश मंडल एवं अन्य उनके सहयोगी के विरूद्ध कमल विहार में आरडीए से फ्लैट आबंटित(विक्रय करने के नाम पर) दिनांक 03.01.2024 से लगातार पैसा लेकर मकान का सौदा कर विक्रय प्रतिफल की राशि प्राप्त कर अनुबंध तैयार कर फरार हो गया है अपराध पंजीबद्ध कर घटना के संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया। प्रकरण को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह द्वारा गंभीरता से लिया गया और फरार आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार करने हेतु निर्देशित किया गया है। प्रकरण की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पश्चिम दौलत राम पोर्ते, नगर पुलिस अधीक्षक पुरानीबस्ती राजेश देवांगन, के निर्देशन में थाना प्रभारी टिकरापारा निरीक्षक मनोज कुमार साहू द्वारा पृथक से टीम तैयार कर प्रकरण के फरार आरोपियों का पता तलाश कर शीघ्र ही गिरफ्तार करने एवं प्रकरण में विवेचना पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया।

# गौरी नगर अंडर ब्रिज निर्माण के दौरान पाईप लाईन सिप्टिंग कार्य का आयुक्त ने किया निरीक्षण

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** रेल्वे के द्वारा गौरी नगर क्रासिंग के पास सुचारू आवागम के लिये अंडर ब्रिज का निर्माण किया जा रहा है। निर्माण के दौरान क्रासिंग के पास पाईप लाईन आने पर नगर निगम द्वारा पाईप लाईन सिप्टिंग का काम किया गया। रेल्वे क्रांसिंग में आने वाले पाईप लाईन सिप्टिंग कार्य का निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने आज कार्यपालन अभियंता श्री यू.के.रामटेके के साथ निरीक्षण किया। पाईप



लाईन सिप्टिंग में पानी सप्लाई में थोडी परेशानी आई, पर जल्द सिप्ट कर रेगुलर पानी सप्लाई चालू हुई। आयुक्त श्री विश्वकर्मा ने कहा कि आवागमन में सुविधा के लिये रेल्वे द्वारा अंडर ब्रिज का निर्माण किया जा रहा है। निर्माण के दौरान पाईप लाईन सिप्टिंग की आवश्यकता हुई, जिसे जल्द किया गया, ताकि गौरीनगर वासियों को पर्याप्त पेयजल मिल सके। उन्होंने तकनीकि अधिकारियों से कहा कि चिखली अंडर ब्रिज निर्माण में भी आने वाले पाईप लाईन की जॉच कर व्यवस्थित करे, जिससे स्टेशन पारा क्षेत्र में भी पानी की समस्या न हो।

## कार्यालय कलेक्टर कबीरधाम
## (आदिम जाति अनु. जाति विकास)

// ई-निविदा आमंत्रण सूचना //

क्रमांक/2606/आजाक/निर्माण/2024-25 कबीरधाम दिनांक 24.10.2024

**निम्नांकित कार्यों हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है, निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि 24.11.2024 सायं 5.00 बजे तक है:-**

| क्रं. | निविदा क्रमांक | कार्य का नाम | निविदा की राशि (लाख में) |
|---|---|---|---|
| 1. | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 160948 | प्री.मै. आदिवासी बालक छात्रावास रेंगाखार में 2 यूनिट अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कार्य। | 24.00 |
| 2 | 160946 | पो.मै. आदिवासी बालक छात्रावास कवर्धा में 2 यूनिट अतिरिक्त कक्ष का निर्माण कार्य। | 24.00 |

टीपः- ठेकेदारों की श्रेणी "A" "B" "C" एवं "D" होना अनिवार्य है।

उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्त, धरोहर राशि, विस्तृत विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारी विभागीय वेबसाईट http:eproc.cgstate.gov.in में देखी जा सकती है।

(कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदित)

सहायक आयुक्त
आदिवासी विकास
वास्ते- कलेक्टर जिला-कबीरधाम

जी- 03678/4

# विधिक सेवा दिवस के अवसर पर साइबर सुरक्षा संबंधित जानकारी दी गई





**जोंधरा (नांदगांव टाइम्स)।** विधिक सेवा दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत पांगरी खुर्द के आश्रित ग्राम पथरी के प्राथमिक शाला में दिनांक 9 नवम्बर 2024 को विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया ।उक्त कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप मे श्री अविनाश तिवारी विशेष सत्र न्यायाधीश महोदय राजनांदगांव एवं महेंद्र सिंह ठाकुर असि. लीगल एड डिफेंस काउंसिल राजनांदगांव उपस्थित थे ।इस विधिक साक्षरता शिविर में श्री अविनाश तिवारी न्यायाधीश पॉस्को कोर्ट के द्वारा बच्चों तथा ग्राम वासियों को संविधान की महत्ता तथा लोगों को उनके अधिकार के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दिया गया साथ ही पॉस्को एक्ट से संबंधित महत्वपूर्ण तथ्यों पर ग्राम वासियों एवं बच्चों के सवालों के जवाब दिए तथा उन्हें उपभोक्ता संबंधित मामलों के संबंध में जागरूक करने हेतु विभिन्न उदाहरणों के माध्यम से जानकारियां प्रदान की गई । उक्त शिविर में श्री महेंद्र सिंह ठाकुर के द्वारा बच्चों तथा उनके पालकों व शिक्षकों को पॉस्को एक्ट के सम्बन्ध में गुड टच बैड टच की जानकारी दी गई , तथा ऐसा होने पर क्या करे इसके सम्बन्ध में भी जानकारी दी गई । विधिक सेवा दिवस के इस अवसर पर श्री ठाकुर के द्वारा लोगो को निःशुल्क विधिक सहायता संबंधित जानकारियों से अवगत कराया गया इस कार्यक्रम के अवसर पर श्री मति अंजली धावड़े सरपंच , कौशल वर्मा, रतन देवांगन , गुहाराम देवांगन, टाकेश्वर देवांगन, महेश्वर साहू, पोषण निषाद, दिलीप नेताम, सुरेश रामटेके , तुलसी राम ,पूर्णिमा वर्मा ,अंजना देवी, निर्मला बंजारे अशोक देवांगन ,रामगुलाल धावड़े , अधिवक्ता सहायक गिरीश साहू भी उपस्थित थे। उक्त कार्यक्रम में श्री राजकुमार ठाकुर प्रधान पाठक प्राथमिक शाला पथरी एवं श्री भगवानी राम कन्नौजे सहायक शिक्षक ग्राम पथरी का विशेष योगदान रहा ।

## कमला कॉलेज की छात्राओं का अंर्तविश्व विद्यालयीन कबड्डी प्रतियोगिता हेतु चयन

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** शासकीय कमला देवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजनांदगांव की 2 छात्राओं कु. चांदनी गावड़े बीए द्वितीय वर्ष एवं कु. हेमलता दुग्गा बीए द्वितीय वर्ष का चयन पं. रविशंकर शुक्ल विश्व विद्यालय, रायपुर में दिनांक 12 से 14 नवंबर 2024 तक आयोजित होने वाली पूर्वी क्षेत्र अंर्तविश्वविद्यालयीन कबड्डी प्रतियोगिता हेतु हुआ है। इसके पूर्व पं. रविशंकर शुक्ल विश्व विद्यालय, रायपुर में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर दोनों छात्राओं का चयन किया गया। महिला कबड्डी टीम का प्रशिक्षण शिविर दिनांक 08.11.2024 से 11.12.2024 तक शासकीय महाविद्यालय, भिलाई 3 में आयोजन किया जा रहा है। इस टीम के मैनेजर रमेश त्रिपाठी शासकीय खूबचंद बघेल महाविद्यालय, भिलाई-3 एवं कोच डॉ. नीता एस. नायर क्रीड़ाधिकारी शासकीय कमलादेवी राठी महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजनांदगांव हैं। उनकी इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. आलोक मिश्रा, क्रीडाधिकारी डॉ. नीता एस. नायर एवं समस्त प्राध्यापकों ने बधाई दी।



## सप्ताह के सितारे (11 नवंबर 2024)
## दैनिक शुभ राशि

| | | |
|---|---|---|
| सोम | 1- 5- 9 - 0 | 19-91-10-01-90-09 |
| मंगल | 2- 4 - 7 - 9 | 27-72-29-92-79-97 |
| बुध | 1 - 6 - 7 - 8 | 16-61-17-71-67-76 |
| गुरू | 3- 6 - 9 - 0 | 69-96-60-06-26-62 |
| शुक्र | 1 - 2 - 7 - 0 | 12-21-20-02-70-07 |
| शनि | 2 - 3 - 5- 8 | 23-32-36-63-39-93 |

अंकों का बादशाह -2 सप्ताह में अचूक 3 - 4 - 5 - 8
सप्ताह का वरदान -6 स्पेशल - 51- 40 -37 -89

सप्ताह में देखे

(1) 13 - 14 - 15 - 18 (6) 63 - 64 - 65- 68
(2) 23 - 24 - 25 - 28 (7) 73 - 74 - 75 - 78
(3) 33 - 34 - 35 - 38 (8) 83 - 84 - 85 - 88
(4) 43 - 44 - 45 - 48 (9) 93 - 94 - 95 - 98
(5) 53 - 54 - 55 - 58 (10) 03 - 04 - 05 - 08

बीते पांच सप्ताह के रिकार्ड

| (कल्याण) | (नाइट बाजार) |
|---|---|
| 58-06-51-13-74-39 | 39-70-84-10-67 |
| 91-35-82-53-56-07 | 11-04-45-01-33 |
| 62-10-49-51-19-56 | 43-42-21-29-18 |
| **_**_**_**_**_* | **_**_**_**_** |
| **-**-80-52-84-87 | **-**-11-95-94 |

चेतावनी- इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक का कोई जवाबदारी नहीं होगी।

संपादक

# प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों ने निगम सीमा क्षेत्र भ्रमण के दौरान मोहारा जल संयंत्र गृह का किया निरीक्षण



## जलशोधन प्रक्रिया की ली जानकारी

**राजनांदगांव (नांदगांव टाइम्स)।** लाल बहादुर शास्त्री प्रशिक्षण अकादमी मसूरी से आये अखिल भारतीय सेवा के प्रशिक्षु प्रशासनिक अधिकारी 7 दिवसीय जिले के भ्रमण के लिये आज जिला मुख्यालय राजनांदगांव पहुँचे। प्रशिक्षु अधिकारियों का जिला पंचायत कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा ने पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। प्रशिक्षु अधिकारी भ्रमण के प्रथम दिन निगम सीमाक्षेत्र भ्रमण के दौरान मोहारा स्थित जल संयंत्रगृह का निरीक्षण कर जलशोधन प्रक्रिया की जानकारी लिये। प्रशिक्षु अधिकारियों को आयुक्त श्री विश्वकर्मा के निर्देश पर निगम के तकनीकि अधिकारियों ने जल संयंत्रगृह का निरीक्षण करा जानकारी दिये। लाल बहादुर शास्त्री प्रशिक्षण अकादमी मसूरी से आये भारतीय सेवा के प्रशिक्षु प्रशासनिक अधिकारी राजनांदगांव जिले के विकास कार्यो का अवलोकन एवं जानकारी लेने 7 दिवसीय भ्रमण के लिये आज राजनांदगांव जिला मुख्यालय पहुँचे और प्रशिक्षु अधिकारी श्री रविन्द्र कुमार, श्री अंकुश बीका, सुश्री अदिति चैधरी, श्री अभिषेक अभय ओजार्डे, श्री अनुराग चोपड़ा, सुश्री प्रिया अग्रवाल, सुश्री ऐश्वर्या नेली श्यामला, श्री प्रखर कुमार एवं श्री आनंद शर्मा ने जल संयंत्रगृह मोहारा का निरीक्षण कर निगम के अधिकारियों से चर्चा कर जलशोधन की प्रक्रिया देख विभिन्न विषयों पर जानकारी ली। जलशोधन प्रक्रिया के संबंध में जल प्रभारी अधिकारी ने विस्तार से जलशोधन की जानकारी देते हुये बताया कि मोहारा स्थित शिवनाथ नदी से इंटकवेल के माध्यम से जलशोधन हेतु रॉ वाटर लेकर प्रतिदिन 54 मीलियन लीटर पानी क्रमशः 27 एमएलडी, 10 एमएलडी पुराने प्लांट तथा अमृत मिशन द्वारा वर्तमान में निर्मित 17 एमएलडी फिल्टर प्लांट में जल शुद्धिकरण की प्रक्रिया की जाती है। इसके पश्चात फिटकरी व क्लोरिंन डाल कर पानी को किटाणु रहित किया जाता है। उन्होंने बताया की पानी के उपचार में फिल्टर बेड का इस्तेमाल, तरल पदार्थ से ठोस पदार्थो को अलग करने के लिये किया जाता है। फिल्टर बेड के जरिये पानी



को छिद्रपूर्ण माध्यम या फिल्टर से गुजारा जाता है। शुद्धिकरण पश्चात शहर के 14 टंकी में भरने के पश्चात पाईप लाईन के माध्यम से शहर में पेयजल सप्लाई की जाती है। प्रशिक्षु अधिकारियों ने जलशोधन की प्रक्रिया देखने के पश्चात फिल्टर प्लांट के लेब का निरीक्षण किया और विभिन्न प्रकार के टेस्ट को देख पानी की सप्लाई उचित मानक में है या नहीं की जॉच कर जानकारी लिये। उन्होंने प्रक्रिया देखने के पश्चात प्रसन्नता व्यक्त कर कहा कि बहुत कठिन प्रक्रिया से गुजरकर लोगों को शुद्ध पानी पिलाया जाता है। इस अवसर पर नगर निगम के उप अभियंता श्री अनुप पाण्डे, श्री अनिमेष चंद्राकर, श्री तिलक राज ध्रुव, श्री युवराज कोमरे सहित निगम का अमला उपस्थित था।

## अरसीटोला के ग्रामीण बच्चों को नहीं भेज रहे, आंगनबाड़ी

**डोंगरगांव (नांदगांव टाइम्स)।** डोंगरगाव ब्लाक के ग्राम अरसीटोला में आंगनबाड़ी



केंद्र में विभिन्न शिकायतों को लेकर महिला बाल विकास परियोजना अधिकारी के पास शिकायत लेकर पहुंचे जहां ग्रामीणों ने ग्राम अरसीटोला के आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 1 व 2 में कार्यरत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता को हटाने की मांग कर रहे हैं द्य अपनी मांगों को लेकर ग्रामीण महिला बाल विकास परियोजना अधिकारी से इसकी शिकायत भी की है द्य लोकचंद मंडावी, मोहन लाल पटेल, सुखदेव राम पडौती सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि आंगनबाड़ी समय से नहीं खुलता और समय से पहले ही बंद हो जाता है आंगनबाड़ी कार्यकर्ता बच्चों को पढ़ाने के बजाय अपने निजी कार्य में व्यस्त रहते हैं ।

## ज्ञान मंथन

*1) कौन सा द्वीप आइलैंड ऑफ क्लोवस कहा जाता है?*

*2) पार्थियोन मंदिर किसके शासनकाल में बनाया गया था?*

*3) थर्मोपल्ली का युद्ध किनके मध्य हुआ था?*

*4) इंस्टिट्यूट ऑफ क्रिश्चियन रिलिजन नामक पुस्तक का लेखक कौन था?*

*5) हाल ही में किस भारतीय को ग्रीन ऑस्कर व्हिटली गोल्ड अवार्ड 2024 प्राप्त हुआ?*

**RamaQuiz (Pappu Ganesh )**



## उत्तर माला

(1) जांजीबार (2) ऑगस्टस (3) एथेंस एवं ईरान (4) काल्विन (5) पूर्णिमा देवी बर्मन

## दामाखेड़ा घटना की साहू समाज डोंगरगांव ने की निंदा

**डोंगरगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** कबीर पंथ के गुरू वंशाचार्य प्रकाशमुनी नाम साहेब के आश्रम दामाखेडा मे कुछ असामाजिक तत्वो द्वारा की गई अशोभनीय घटना की तहसील साहू संघ डोंगरगांव ने कड़ी निंदा की है तथा दोषियो के उपर सख्त कार्रवाई की मांग किए जाने का प्रस्ताव आज डोंगरगांव मे समाज के तहसील स्तरीय बैठक मे किया गया। नवोदित वंशाचार्य पंथ श्री उदितमुनि नाम साहेब के साथ की गई गाली-गलौज व अभद्र व्यवहार तथा आश्रम मे बलात प्रवेश करने की कोशिश को गंभीर अपराध मानते हुए शासन प्रशासन से ठोस कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

तहसील अध्यक्ष हेमंत साहू की अध्यक्षता मे आयोजित इस बैठक मे तहसील संरक्षक अमरनाथ साहू, धनराज साहू, रामप्रकाश साहू, सुरेन्द्र साहू, डा प्रेमदास साहू, मूलचंद साहू, सुंदर लाल साहू, दौवा राम साहू, पुरुषोत्तम साहू, हिरदे राम साहू, राधेश्याम साहू, प्यारेलाल साहू, गोवर्धन साहू, सी एल हिरवानी, कौशल कुमार साहू,पूर्णिमा साहू, उमा बाई साहू, आदि सहित सामाजिकजन उपस्थित थे।

## सरेआम शराब पीते आधा दर्जन पकड़ाए

**रायपुर।** राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते आधा दर्जन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार मोवा पुलिस ने रिलायंस मार्ट के पास पंडरी में सरेआम शराब पीते आरोपी जयराम साहू 23 वर्ष, देवेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी राजेश्वर वर्मा 41 वर्ष, देवेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी टिकेश्वर वर्मा 26 वर्ष, गुढ़ियारी पुलिस ने आरोपी प्रेमलाल कोसले 24 वर्ष एवं पुरानी बस्ती पुलिस ने आरोपी रविकांत वर्मा 43 वर्ष व आशीष कुमार परगनिहा 28 वर्ष को गिरफ्तार किया है।



## निधन

**नारायण प्रसाद बोहरे**



**डोंगरगाँव ( नांदगांव टाइम्स )।** नगर के वयोवृद्ध नागरिक नारायण प्रसाद बोहरे(भोपाल वाले) निवासी किलापारा डोंगरगांव का निधन 8 नवम्बर शुक्रवार को देर रात्रि हो गया है. ज्ञात हो कि श्री बोहरे जो विगत कई वर्षों से नगर के निवासी थे. शनिवार को उनकी अंतिम यात्रा में परिजनों सहित शहरवासी सम्मिलित हुए. श्री बोहरे पत्रकार प्रेम गोस्वामी के ससुर थे।

# भूतपूर्व विद्यार्थियों ने शासकीय पॉलिटेक्निक के शिक्षण संस्थान के सभी प्रोफेसर कर्मचारियों का शाल श्रीफल पुष्पमाला पहनाकर सम्मानित कर ऐतिहासिक कार्य किया है : संस्था प्राचार्य सत्य प्रकाश





**नौगांव छतरपुर ( नांदगांव टाइम्स )।** शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय सभागार में वर्ष 1990- 91 बैच के सिविल इंजीनियर इलेक्ट्रिकल और मैकेनिकल के भूतपूर्व छात्रों का 34 वर्ष पुराने छात्रों का एक स्नेह मिलन समारोह का आयोजन विद्यालय के सभागार में आयोजित किया गया जिसमें इस विद्यालय से अध्ययन करने के बाद भारत देश के विभिन्न क्षेत्रों में विभिन्न राज्यों में अपनी पहचान बनाने वाले इंजीनियर विद्यार्थियों ने देश में अनेक क्षेत्र में अद्भुत कार्य किए हैं । ऐसे सभी विद्यार्थियों को एक माला के रूप में संग्रह करने सुंदर रूप देने वाले श्री सी एम श्रीवास्तव 96 सनसिटी एम पी 2 इंदौर में रहते हुए उन्होंने अपने विद्यार्थी जीवन से वर्तमान समय तक जिस प्रकार से माता-पिता गुरु परंपरा का निर्वहन किया आज वह इंदौर में एक उद्योगपति के रूप में अपनी पहचान बन चुके हैं और उन्होंने ही, अपने उसे समय की बैच के सभी विद्यार्थियों को जो वर्तमान में भारत देश में विभिन्न पदों पर और अनेक उद्योग के क्षेत्र में ख्याति प्राप्त कर चुके हैं एकत्रित करने का काम किया है ।भूतपूर्व विद्यार्थियों ने शासकीय पॉलिटेक्निक के शिक्षण संस्थान के सभी प्रोफेसर कर्मचारियों का शाल श्रीफल पुष्पमाला पहनाकर सम्मानित कर ऐतिहासिक कार्य किया है । उपरोक्त विचार शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय संस्था के वर्तमान प्राचार्य श्री सत्य प्रकाश अहिरवार जी ने भूतपूर्व विद्यार्थियों के सम्मान में रखते हुए कहा कि हमें आज गौरव हो रहा है कि हमारे भारत की संस्कृति संस्कार जीवित हैं और विद्यार्थियों में यह संस्कार ग्रहण करने का एक अवसर ऐतिहासिक कार्यक्रम होने जा रहा है । उन्होंने बताया की हमारे पास दो महीने पहले श्री सी एम श्रीवास्तव एवं श्री देवेंद्र कुमार सोनी महाविद्यालय पहुंचे और उन्होंने अपने मन की बात करते हुए कहा कि हम इस विद्यालय के विद्यार्थी रहे हैं वर्तमान में इस महाविद्यालय के विद्यार्थी भारत देश के विभिन्न क्षेत्रों में उच्च पदों पर पहुंच गए हैं, अनेक विद्यार्थी उद्योगपति व्यापार में संलग्न हैं और एक स्नेह मिलन कार्यक्रम का आयोजन करना चाहते हैं उसमें विद्यालय परिवार की सहमति की आवश्यकता है । जिस पर संस्था प्राचार्य श्री सत्य प्रकाश जी एवं पूर्व संस्था प्रिंसिपल श्री डी आर अहिरवार श्री संतोष कुरील ने दोनों लोगों की बातों को गंभीरता से लेते महाविद्यालय में पदस्थ सभी प्रोफेसर का कर्मचारियों की मीटिंग लेकर के इस कार्यक्रम को 9 नवंबर 2024 को आयोजित करने पर अंतिम निर्णय लिया । इस कार्यक्रम में उपस्थित होने वाले भूतपूर्व विद्यार्थियों के स्वागत के लिए विद्यालय परिवार के मुख्य द्वार से सभागार सभा कक्ष तक वंदनवार पुष्मालाओं की विभिन्न स्वागत द्वार बनाए गए बैंड बाजा के साथ विद्यार्थियों को महाविद्यालय में प्रवेश द्वार से प्रवेश करते हुए लगभग 200 विद्यार्थियों ने अपने वरिष्ठ आदरणीय बड़े भाइयों का स्वागत करते हुए गुलाब की वर्षा की और सभा का क्षेत्र ले गए जहां उनका पुष्प माला पहनकर पुष्प वर्षा का स्वागत किया कार्यक्रम में सभी का परिचय सम्मेलन हुआ विचारों का आदान-प्रदान तथा अपने अनुभव शेयर किए गए जिसमें प्रमुख रूप से डॉक्टर लव कुमार मिश्रा सुधीर जैन जगमोहन पांडे मनोज कुमार गुप्ता कमल नारायण अनिल कुमार गुप्ता ए एस बघेल राजेश चतुर्वेदी डीके सोनी ओंकार सिंह रजनी सोनी संदीप रावत ने अपने-अपने विचार रखें । शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय के भोजपुरी छात्र श्री इकबाल गौरी ने अपने विद्यार्थी जीवन से लेकर अपने प्रगति के पद को विस्तार से बताते हुए कहा कि कोई भी काम असफल नहीं होता है सफलता प्राप्त करने के लिए प्रत्येक विद्यार्थी में लग्न में मेहनत की आवश्यकता होती है उन्होंने कहा है कि मैं जब विद्यार्थी था कभी सोचा नहीं था और आज भारत सरकार के एफसीआई मंत्रालय में वह सलाहकार के रूप में काम कर रहे हैं इसी प्रकार से राजेश चतुर्वेदी ने अपने जीवन के अनुभव बताते हुए प्रकृति की ओर जाने वाले अनुभव शेयर किया रजनी सोनी ने बताया कि वह जीवन में असफलता का नाम नहीं देखा है मेहनत करते हुए सफलताओं के कदम बढ़ाते गए और आज वह अपने मुकाम में पहुंचकर हजारों लोगों को रोजगार दे रहे हैं ।

इस कार्यक्रम में बाहर से पधारी अतिथियों के प्रमुख रूप से आयोजन समिति के श्री सी एम श्रीवास्तव के विचारों से सूझबूझ से और अनुभव से यह कार्यक्रम सफल हो सका इसलिए नौगांव नगर की ओर से उनका समाजसेवी संतोष गंगेले कर्मयोगी ने शॉल श्रीफल पुष्माला से सम्मान किया और अपने विचार रखते हुए कहा कि यह पहले इतिहास है जब शासकीय पॉलीटेक्निक महाविद्यालय में इस प्रकार का कार्यक्रम आयोजित हो रहा है और इसकी शुरुआत बहुत अच्छी शुरू हुई है जिसमें भारतीय संस्कृति संस्कार नैतिक शिक्षा का उदय हुआ है लोगों को इस कार्यक्रम से प्रेरणा मिलेगी । इस अवसर पर भूतपूर्व छात्र रहे सभी अतिथियों ने संस्था में उपस्थिति लगभग 20 छात्राओं से प्रश्नोत्तरी भी की और उन्हें मार्गदर्शन दिया । एनसीसी ऑफिसर श्री डी आर अहिरवार ने बताया कि पुष्पेंद्र राजपूत एनसीसी कैडेट को अंडर ऑफिसर की रैंक पहनाई गई संस्था के दो कर्मठ कर्मचारी श्री बिंदा रैकवार चपरासी एवं श्री श्याम लाल विश्वकर्मा चपरासी को विशिष्ट पुरस्कार दिया गय इस कार्यक्रम के दौरान संस्था के प्राचार्य श्री सत्य प्रकाश अहिरवार विभाग अध्यक्ष श्री आरके गोस्वामी श्री डी आर अहिरवार एनसीसी ऑफिसर श्रीमती रीता सोनी श्री शैलेश गुप्ता व्याख्याता श्रीमती ऋतुराज कठेल श्रीमती अनामिका चौरसिया श्री अमित जाटव श्री संदीप जाटव श्री सत्येंद्र सिंह यादव श्रीमती आभा गुप्ता प्रयोगशाला तकनीशियन श्री डीके दुबे श्री डी के सारोठिया श्री परमलाल अहिरवार श्री यू एस शुक्ला श्री संदीप कुमार श्री आरके मिश्रा श्री हर प्रसाद अहिरवार श्री राहुल सिंह परिहार कार्यक्रम का संचालन श्रीमती आभा गुप्ता एवं सारोठिया श्री संतोष कुरील ने किया एवं समस्त कार्यक्रम के संयोजन में कैप्टन डी आर अहिरवार एनसीसी ऑफिसर की अहम भूमिका रही संस्था में कार्यरत सभी

## विधिक सेवा दिवस के अवसर पर शा प्राथमिक शाला पथरी के बच्चों को पास्को एक्ट गुड - टच ,बैड - टच एवं साइबर सुरक्षा संबंधित जानकारी दी गई

**डोंगरगाव ( नांदगांव टाइम्स )।** विधिक सेवा दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत पांगरी खुर्द के आश्रित ग्राम पथरी के प्राथमिक शाला में 9 नवम्बर को विधिक सहायता साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया ।उक्त कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप मे अविनाश तिवारी विशेष सत्र न्यायाधीश राजनांदगांव एवं महेंद्र सिंह ठाकुर असि. लीगल एड डिफेंस काउंसिल राजनांदगांव उपस्थित थे ।इस विधिक साक्षरता शिविर में श्री तिवारी न्यायाधीश पॉस्को कोर्ट के द्वारा बच्चों तथा ग्राम वासियों को संविधान की महत्ता तथा लोगों को उनके अधिकार के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दिया गया साथ ही पॉस्को एक्ट से संबंधित महत्वपूर्ण तथ्यों पर ग्राम वासियों एवं बच्चों के सवालों के जवाब दिए तथा उन्हें उपभोक्ता संबंधित मामलों के संबंध में जागरूक करने हेतु विभिन्न उदाहरणों के माध्यम से जानकारियां प्रदान की गई ।



उक्त शिविर में श्री ठाकुर के द्वारा बच्चों तथा उनके पालकों व शिक्षकों को पॉस्को एक्ट के सम्बन्ध में गुड टच बैड टच की जानकारी दी गई , तथा ऐसा होने पर क्या करे इसके सम्बन्ध में भी जानकारी दी गई । विधिक सेवा दिवस के इस अवसर पर श्री ठाकुर के द्वारा लोगो को नि:शुल्क विधिक सहायता संबंधित जानकारियों से अवगत कराया गया इस कार्यक्रम के अवसर पर अंजली धावड़े सरपंच , कौशल वर्मा, रतन देवांगन , गुहाराम देवांगन, टाकेश्वर देवांगन, महेश्वर साहू, पोषण निषाद, दिलीप नेताम, सुरेश रामटेके , तुलसी राम ,पूर्णिमा वर्मा ,अंजना देवी, निर्मला बंजारे अशोक देवांगन ,रामगुलाल धावड़े , अधिवक्ता सहायक गिरीश साहू भी उपस्थित थे। उक्त कार्यक्रम में राजकुमार ठाकुर प्रधान पाठक प्राथमिक शाला पथरी एवं भगवानी राम कन्नौजे सहायक शिक्षक ग्राम पथरी का विशेष योगदान रहा।

## सांसद बृजमोहन अग्रवाल का विपक्ष पर हमला कहा- दक्षिण विधानसभा को पर्यटन स्थल समझती है कांग्रेस



**रायपुर.** भाजपा ने आज राजधानी के एकात्म परिसर में प्रेस वार्ता आयोजित की थी. इस दौरान सांसद अग्रवाल ने प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा है. उन्होंने कहा कि कांग्रेस दक्षिण विधानसभा क्षेत्र को पर्यटन स्थल समझती है. सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि चुनाव के समय कांग्रेस दक्षिण विधानसभा घूमने आती है. कांग्रेस इसे पर्यटन स्थल समझती है, चुनाव के बाद उनका कोई ठिकाना नहीं होता है. जनता को कांग्रेस के नेताओं का पता भी नहीं है, ऐसे लोगों को जनता क्यों वोट देगीज् उन्होंने कहा कि दक्षिण की एक प्रतिशत जनता भी कांग्रेस के प्रत्याशी को न तो जानती है, न ही पहचानती है. सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने एक बार फिर सुनील सोनी के उपलब्धियों का बखान करते हुए कहा कि सुनील सोनी के कारण आज रायपुर का ऐसा स्वरूप देखने को मिलता है. जनता आश्वस्त है कि दक्षिण का विकास बीजेपी के कमल फूल में ही निहित है. इसलिए विपक्ष भी मुझे ही जितायेगा. उन्होंने कांग्रेस नेताओं पर तंज कसते हुए कहा कि पूर्व सीएम भूपेश बघेल, टीएस सिंहदेव और दीपक बैज, वे सभी दक्षिण विधानसभा में केवल घूमने आते हैं. रामसुंदर दस को ज़बरदस्ती चुनाव खड़ा किया गया था. वे चुनाव में बढ़-चढ़ कर प्रचार कर रहे थे. कांग्रेस पार्टी को जवाब चाहिए कि उनका अपमान क्यों किया गया. वहीं मेयर चुनाव प्रचार क्यों नहीं कर रहे हैं ? उन्होंने कहा कि आज जनता को बिजली-पानी समेत हर सुविधा उपलब्ध है. दक्षिण विधानसभा में आधे से अधिक ग्रामीण परिवेश से जुड़े हुए हैं, पिछले 5 साल तक पीएम आवास बंद रहे, वो फिर से शुरू हुआ है. इसके अलावा सांसद अग्रवाल ने कांग्रेस प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट पर तंज कसते हुए कहा कि जिनका प्रेम राजस्थान में पूरा नहीं हो पाया वो कांग्रेस पार्टी से उम्मीद छोड़ दें. उनका प्लेन टेकऑफनहीं कर पाएगा. उन्होंने आगे कहा कि रायपुर सबसे शांत शहर है और बलौदाबाज़ार सूरजपुर को देखकर रायपुर की जनता नहीं चाहेगी की प्रदेश को अशांत करने वाले लोग यहां आए. इस दौरान प्रेस वार्ता में चुनाव संयोजक शिवरतन शर्मा, विधायक गजेंद्र यादव, सुशांत शुक्ला, इंद्रजीत साहू, ईश्वर साहू समेत बीजेपी के कई नेता मौजूद रहे.

## धर्म समाचार....

## तुलसी विवाह के दिन घर की इस दिशा में लगाएं तुलसी का पौधा, घर में मां लक्ष्मी का होगा वास

कार्तिक माह की शुक्ल पक्ष द्वादशी तिथि पर तुलसी विवाह किया जाता है। धार्मिक मान्यता है कि तुलसी विवाह के दिन तुलसी की पूजा-अर्चना करने से जातक का जीवन सदैव खुशहाल होता है। साथ ही आर्थिक तंगी से छुटकारा मिलता है। वहीं इस दिन घर में तुलसी का पौधा लगाना शुभ माना जाता है। पंचांग के अनुसार, कार्तिक माह में तुलसी विवाह 13 नवंबर को है। इस शुभ अवसर पर घर और मंदिरों में तुलसी विवाह का आयोजन किया जाता है। इसके अलावा इस दिन लोग घर में तुलसी का पौधा भी लगाते हैं। धार्मिक मान्यता है कि घर में तुलसी का पौधा लगाने से मां लक्ष्मी का वास होता है। साथ ही धन लाभ के योग बनते हैं। अगर आप भी तुलसी विवाह के दिन तुलसी का पौधा लगाने की सोच रहे हैं, तो पहले यह जान लें कि इस पौधे को घर की किस दिशा में लगाना शुभ होता है? वास्तु शास्त्र के अनुसार, घर में तुलसी का पौधा उत्तर पूर्व या फिर उत्तर दिशा में लगाना शुभ होता है। माना जाता है कि इस दिशा में तुलसी का पौधा लगाने से परिवार के सदस्यों के बीच मनमुटाव की समस्या दूर होती है।



साथ ही घर में सदैव मां लक्ष्मी का वास होता है। तुलसी का पौधा घर में लगाने से नकारात्मक शक्ति दूर होती है। वास्तु शास्त्र की मानें तो तुलसी का पौधा घर में दक्षिण दिशा में नहीं लगाना चाहिए। इस दिशा में तुलसी का पौधा लगाने से वास्तु दोष का सामना करना पड़ता है और आर्थिक समस्या आती है। तुलसी के पौधे के पास साफ-सफाई का विशेष रूप से ध्यान रखें। मान्यता है कि गंदी जगह पर तुलसी का पौधा लगाने से मां लक्ष्मी नाराज ही सकती हैं और इससे शुभ परिणाम प्राप्त नही होंगे। इसके अलावा पौधे के पास जूठे बर्तन भूलकर भी नही रखने चाहिए। माना जाता है कि ऐसा करने से घर में वास्तु दोष उत्पन्न हो सकता है। रविवार और एकादशी के दिन तुलसी के पत्ते भूलकर भी नही तोड़ने चाहिए। मान्यता है कि एकादशी तिथि का मां लक्ष्मी व्रत रखती हैं। ऐसे में तुलसी के पत्ते तोड़ने से उनका व्रत खंडित हो सकता है। माना जाता है कि ऐसा करने से जीवन में विघ्न का सामना करना पड़ सकता है। तुलसी के पौधे को सूर्यास्त के बाद नहीं छूना चाहिए। माना जाता है कि ऐसा करने से दोष लगता है।

### 12 नवंबर को तुलसी विवाह:चार माह विश्राम के बाद कार्तिक शुक्ल एकादशी पर भगवान विष्णु जागेंगे निद्रा से, शाम को तुलसी के पास जलाएं दीपक

मंगलवार, 12 नवबंर को कार्तिक शुक्ल एकादशी है, इस तिथि पर भगवान विष्णु निद्रा से जागते हैं, ऐसी मान्यता है। आषाढ़ मास की देवशयनी एकादशी से कार्तिक मास की देवउठनी एकादशी तक चार महीने भगवान विष्णु विश्राम करते हैं। इस दौरान सृष्टि का संचालन भगवान शिव करते हैं। देवउठनी एकादशी पर तुलसी और शालिग्राम का विवाह कराने की भी परंपरा है। उज्जैन के ज्योतिषाचार्य पं. मनीष शर्मा के मुताबिक, देवशयनी एकादशी से विवाह, गृह प्रवेश, मुंडन, जनेऊ जैसे संस्कारों के लिए शुभ मुहूर्त मिलना शुरू हो जाते हैं। जब विष्णु जी विश्राम करते हैं, तब इन संस्कारों के लिए शुभ मुहूर्त नहीं रहते हैं, अब विष्णु जी के निद्रा से जागने बाद सभी शुभ काम फिर से शुरू हो जाएंगे। इस तिथि पर तुलसी और शालिग्राम का विवाह कराया जाता है। इसे देव प्रबोधिनी एकादशी भी कहते हैं। हर साल कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी पर ये पर्व मनाया जाता है। ये विष्णु जी के जागने की तिथि है, इसलिए इसे देवउठनी एकादशी कहते हैं। देवउठनी एकादशी पर तुलसी और शालिग्राम जी का विवाह नहीं करवा पा रहे हैं तो इस पर्व पर सूर्यास्त के बाद तुलसी के पास दीपक जलाएं और तुलसी ओढ़नी यानी चुनरी अर्पित करें। सुहाग का सामान जैसे लाल चूड़ियां, कुमकुम, बिंदी, हार-फूल भी चढ़ाएं। अगले दिन यानी रविवार को ये सभी चीजें किसी सुहागिन को दान करें। भगवान विष्णु और महालक्ष्मी की विशेष पूजा करें। पूजा में तुलसी के पत्तों के साथ मिठाई का भोग लगाएं। पूजा में ऊँ नमो भगवते वासुदेवाय मंत्र का जप करना चाहिए। अमावस्या, चतुर्दशी तिथि, रविवार, शुक्रवार और सप्तमी तिथि पर भी तुलसी के पत्ते तोड़ने से बचना चाहिए। अगर इन दिनों में तुलसी के पत्तों का काम हो तो तुलसी के झड़े हुए पत्तों का उपयोग कर सकते हैं या पूजा में रखे हुए पुराने पत्तों का भी फिर से इस्तेमाल कर सकते हैं। वर्जित किए गए दिनों में तुलसी का कुछ काम हो तो एक दिन पहले तुलसी के पत्ते तोड़कर रख लेने चाहिए। बिना किसी वजह के तुलसी के पत्ते तोड़ने से बचें।



- क्रिकेट किट
- फुटबाल
- हॉकी किट
- योगा मेट

स्वाती स्पोर्ट्स

खिलाड़ियों एवं विद्यार्थियों के लिए विशेष छूट...

क्रिकेट, हॉकी, कबड्डी, वॉलीबॉल, खो- खो, बैडमिंटन, बास्केट बॉल, थ्रो बॉल, शॉफ्ट बॉल, हाई जम्प, बॉक्सिंग रिंग, टेनिस बॉल, स्पोर्ट्स बॉल, रैकेट बैग, स्पोर्ट्स बॉटल, स्पोर्ट्स बैग, बैडमिंटन नेट, स्कोरल टेबल, बोर्ड गेम्स, टी- टी टेबल,टी-टी बॉल, टेबल टेनिस बेट, टी-टी बेट, ट्रैक शूट, जिम सामग्री, स्पोर्ट्स शूज, स्कूल बैग सहित सभी खेल सामग्री उपलब्ध...

स्टेडियम परिसर, कलेक्टोरेट के सामने राजनांदगांव, मो. 99819-65770, 88393-71971

# प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों के लिए जमीनी स्तर पर कार्य क्षेत्र में आ रही चुनौतियों को समझने तथा सीखने के लिए एक बेहतरीन अवसर - सीईओ जिला पंचायत

## लाल बहादुर शास्त्री प्रशिक्षण अकादमी मसूरी से आए अखिल भारतीय सेवा के प्रशिक्षु प्रशासनिक अधिकारियों ने जिला पंचायत सीईओ से की सौजन्य भेंट

**शिक्षा, स्वास्थ्य, पंचायत, महिला एवं बाल विकास, ग्रामीण विकास तथा विभिन्न मुद्दों पर की चर्चा**

**10 से 16 नवम्बर 2024 तक प्रशिक्षु आईएएस जिले के सात दिवसीय भ्रमण पर रहेंगे, ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में विभिन्न स्थानों का करेंगे अवलोकन**

**जिला प्रशासन द्वारा किसानों को फसल विविधीकरण के लिए किया जा रहा प्रोत्साहित**

**जिला प्रशासन द्वारा संचालित मिशन जल रक्षा, पोट्ठ लईका पहल एवं अन्य कार्यक्रम के संबंध में दी गई जानकारी**

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** लाल बहादुर शास्त्री प्रशिक्षण अकादमी मसूरी से आए अखिल भारतीय सेवा के प्रशिक्षु प्रशासनिक अधिकारियों ने आज जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री सुरूचि सिंह से जिला पंचायत सभाकक्ष में शिक्षा, स्वास्थ्य, पंचायत, महिला एवं बाल विकास, ग्रामीण विकास तथा विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। इस दौरान प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों ने जिला पंचायत सीईओ से विभिन्न मुद्दों पर बातचीत की एवं अपनी जिज्ञासाओं का समाधान किया। जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह ने कहा कि राजनांदगांव जिला महाराष्ट्र की सीमा से लगा हुआ जिला है। राजनांदगांव जिला जहां एक ओर गोंदिया जिला से जुड़ा हुआ है तथा उत्तरी भाग गढ़चिरौली जैसे नक्सल प्रभावित जिले से जुड़ा हुआ है। राजनांदगांव जिले के कुछ क्षेत्र नक्सल प्रभावित क्षेत्र हैं। उन्होंने कहा कि एक प्रशिक्षु अखिल भारतीय सेवा के प्रशासनिक अधिकारी के तौर पर आप सभी के लिए जमीनी स्तर पर कार्य क्षेत्र में आ रही चुनौतियों को समझने तथा सीखने के लिए एक बेहतरीन अवसर है। उन्होंने छत्तीसगढ़ की जानकारी देते हुए प्रशिक्षु आईएएस अधिकारियों को बताया कि छत्तीसगढ़ में मुख्यत: धान की खेती की जाती है। रबी एवं खरीफ में भी धान की खेती ली जाती है। उन्होंने बताया कि यहां पर सार्वजनिक वितरण प्रणाली अंतर्गत शासन की ओर से पात्रता अनुसार नि:शुल्क चावल का वितरण किया जाता है। यहां किसानों से धान खरीदी का कार्य शासन की योजना के तहत प्रमुखता से किया जाता है।



जिला पंचायत सीईओ सुश्री सुरूचि सिंह ने बताया कि धान की खेती प्रमुखता से करने के कारण तथा रबी के मौसम सीजन में भी धान की फसल लेने के कारण राजनांदगांव जिले के राजनांदगांव, डोंगरगांव, डोंगरगढ़ विकासखंड में भू-जल के स्तर में कमी आयी है। जिसके दृष्टिगत जिले में मिशन जल रक्षा प्रारंभ किया गया है। उन्होंने मिशन जल रक्षा के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि यह भारत शासन के कैच द रैन अभियान का हिस्सा है। मिशन जल रक्षा के तहत जल संरक्षण के लिए जीआईएस पर आधारित कार्यक्रम के तहत विभिन्न तरह के वाटर स्ट्रक्चर बनाए गए हैं। उन्होंने कहा कि आप सभी को यह जानना जरूरी है कि मनरेगा अंतर्गत जनसामान्य के लिए उपयोगी संरचना का निर्माण ग्रामीण क्षेत्रों में जनहित के लिए किया जा सकता है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि मिशन जल रक्षा अंतर्गत जिला प्रशासन द्वारा समुदायिक सहभागिता से कार्य किया जा रहा है। जिसमें उन्हें जल संकट की चुनौती एवं जल संरक्षण के उपायों के संबंध में जानकारी दी जा रही है। ग्रामीण क्षेत्रों में महिला स्वसहायता समूह, किसानों, महिलाओं, श्रमिकों की सहभागिता से कार्य करते हुए जल, स्वच्छता एवं कृषक संगोष्ठी का आयोजन भी किया जा रहा है और उन्हें जल सरंक्षण, स्वच्छता एवं फसल विविधीकरण, पौधरोपण के संबंध में जागरूक किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जल संरक्षण के लिए पौधरोपण बहुत महत्वपूर्ण है। इस दिशा में सभी के समन्वित प्रयासों से बारिश के दिनों में व्यापक पैमाने पर पौधरोपण किया गया। उन्होंने वाटर रिचार्ज के स्ट्रक्चर के साथ ही अमृत सरोवर के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि अमृत सरोवर योजना अंतर्गत पहले पुराने सरोवर का जीर्णोद्धार तथा नये सरोवर का निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा किसानों को फसल विविधीकरण के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। वही इसमें किसान उत्पादक संगठन, किसान, सीएसआर, बीज उत्पादक कंपनी की भी सहभागिता है। कृषि मित्र एवं कृषि सखी द्वारा किसानों को धान के बदले अन्य फसल लेने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। इसमें उन्हें आगे चल कर और अधिक लाभ होगा। उन्होंने पोट्ठ लईका पहल के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि इसके तहत बच्चों के सुपोषण की दिशा में जिला प्रशासन द्वारा कार्य किया जा रहा है। गंभीर कुपोषित बच्चों को पौष्टिक आहार देने के साथ ही स्वास्थ्य जांच की जा रही है तथा प्रति शुक्रवार पालक चौपाल का आयोजन करते हुए उन्हें पौष्टिक आहार, स्वच्छता के संबंध में जागरूक किया जा रहा है। व्यवहार परिवर्तन करते हुए बच्चों के स्वास्थ्य के लिए कार्य किया जा रहा है। जिसमें विभिन्न स्वयं सेवी संस्थाओं एवं उद्योगों की भी सहभागिता है। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री इंदिरा नवीन प्रताप सिंह तोमर, नगर निगम आयुक्त श्री अतुल विश्वकर्मा सहित अन्य अधिकारी व प्रशिक्षु आईएएस उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि 10 नवम्बर से 16 नवम्बर 2024 तक प्रशिक्षु आईएएस जिले के भ्रमण पर रहेंगे तथा ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में विभिन्न स्थानों का अवलोकन करेंगे।

## अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद की बैठक संपन्न

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद छत्तीसगढ़ जिला राजनांदगांव की मासिक बैठक एवं दीपावली मिलन का कार्यक्रम रखा गया। बैठक में वारंट ऑफिसर श्री अशोक कुमार झा ने सभी को दीपावली की बधाई देते हुए परिषद द्वारा संचालित कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। इस अवसर पर जिला परिषद राजनांदगांव के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे।



## मोखला मे मंडाई महोत्सव 14 को रात्रि मे सांस्कृतिक कार्यक्रम रंग झरोखा की प्रस्तुति

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** समीपस्थ ग्राम मोखला ( भर्रेगांव ) में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी स्व. श्री अमृत गौटिया एवं स्व.श्रीमती गंगाबाई गोटनीन की स्मृति में 14 नवंबर दिन गुरुवार को मंडाई महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। ग्राम विकास समिति मोखला आदर्श नवयुवक मंडल एवं समस्त ग्रामवासियों के तत्वाधान में मंडाई महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें रात्रि कालीन लोगों के भरपूर मनोरंजन के लिए छत्तीसगढ़ी लोककला मंच दुष्यंत हरमुख कृत रंग झरोखा सांस्कृतिक संस्था ग्राम सकरौद भिलाई वालों का कार्यक्रम होगा. ग्रामीण जनो ने क्षेत्रवासियों को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम का लाभ लेने का आग्रह किया है।




# जिला अस्पताल की 4 एम्बुलेंस में 2 कंडम, 2 चालू , नियमित ड्रायवरों को आराम..

## मेटास कम्पनी के सफाई कर्मी कर रहें है ड्रायविंग...

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** शासकीय जिला अस्पताल में वैसे तो 4 एम्बुलेंस है,जिसमें बताया जा रहा है, की 2 एम्बुलेंस कंडम हो गई है, और 2 एम्बुलेंस चालू हालत में काम कर रही है, वहीं जिला अस्पताल में 3 नियमित ड्रायवर है, जो पूरी तरह आराम कर वेतन लाभ उठा रहे है, ऐसे में मरीज को लाने-लेजाने के लिए जिला अस्पताल में निजी मेटास कम्पनी में सफाईकर्मी के रूप में नियुक्त कर्मचारी ड्राइवर का कार्य कर रहे है, इनके पास ड्रायविंग लाइसेंस है या नही ?क्या ये सफाईकर्मी ड्राइविंग के योग है, की नही ?




**ये बड़ा सवाल खड़ा होता है-** और यदि ये सफाईकर्मी ड्रायविंग का कार्य कर रहे है, तो क्या इन्हें कलेक्टर दर पर भुगतान किया जा रहा है? गौरतलब है,कि यही सफाईकर्मी जो जिला अस्पताल में एम्बुलेंश ड्राइविंग का काम कर रहे है, वे ही वीआईपी डियूटी में एम्बुलेंश को सड़कों पर दौड़ा रहे है। यदि इन ड्रायवरों की लापरवाही से यदि कोई घटना घटित होती है, तो इसका जिम्मेदार कौन होगा? जबकि बताया जाता है, जितने भी शासकीय वाहन होते है, उनका इंश्योरेंश नही होता है।

# शनिवार को मोहारा बायपास रोड पर पार्षद राजेश गुप्ता चंपू ने चलाया विशेष सफाई अभियान

## चंपू हाथ में झाड़ू लिए लगातार कर रहे शहर की सफाई

**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** दीपावली पर्व के बाद से शहर में जो सफाई व्यवस्था होनी चाहिए वह सफाई कर्मियों के त्योहारी सीजन के चलते छुट्टियों में होने के कारण सफाई व्यवस्था पिछड़ गया है।चंहू ओर खाश कर के मोहारा फ्लाईओवर के आस-पास प्लास्टिक गिलास - खाली पानी पाऊचों की भरमार होने की वजह से अत्यंत गंदगी व्यप्त है! वहीं यह अव्यवस्था अधिकांश निगम सफाई कर्मचारियों के अवकाश में होने के कारण यह स्थिति निर्मित हुई वार्डो में एक. दो, तीन कर्मचारी अपने कर्तव्यों पर उपास्थि प्रदान कर रहे हैं।इस पर स्वत: संज्ञान लेते हुए इंदिरा नगर वार्ड नंबर41 के पार्षद,महापौर परिषद के विधि एवं सामान्य प्रशासन विभाग के पूर्व चेयरमैन एवं अखिल भारतीय कांग्रेस एससी-विभाग, बिंद्रा नवागढ़ विधानसभा -डोंगरगढ़ विधानसभा प्रभारी राजेश गुप्ता चंपू द्वारा स्वयं के व्यय से गठित स्वच्छता ही सेवा संकल्प टीम के सदस्यों के साथ दिनांक 9 नवंबर दिन शनिवार को मोहारा स्थित फ्लाईओवर बायपास रोड एवं इंदिरा नगर मेन रोड पर व्यप्त कचरे को अपने हाथ में झाड़ू लेकर सफाई व्यवस्था की।सनद रहे कि पार्षद राजेश गुप्ता चंपू विगत दो अक्टूबर से शहर में लोगों को साफ-सफाई के प्रति जागरूक करने सफाई जागरूकता अभियान का आगाज किया गया है और वे प्रतिदिन सुबह और शाम को चार -चार घंटे शहर के विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर सफाई जागरूकता अभियान को गति प्रदान करते हुए श्रम कर पसीना बहा रहे हैं।गौरतलब हो कि दीपावली महापर्व के दौरान भी खुद ही हाथ में झाड़ू लेकर सफाई अभियान व्यवस्था में जी जान से जूटे नजर आए थे।



# गमगीन परिवारों को शोक सांत्वना हेतु अभिषेक सिंह उनके घर पहुंचे



**राजनांदगांव ( नांदगांव टाइम्स )।** पूर्व सांसद अभिषेक सिंह आज अपने प्रवास पर राजनांदगांव पहुंचे और कार्यकर्ताओं से सदस्यता अभियान और संगठन के कार्यों की जानकारी ली। तत्पश्चात अभिषेक सिंह शहर के गमगीन परिवारों को शोक संवेदना व्यक्त करने उनके निवास स्थान गए और परिवार जनों को ढांढस बंधाया। मीडिया सेल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार विगत दिनों स्टेशनपारा के दो युवक आयुष रनसुरे पिता श्री बीरबल रनसुरे, एवं प्रतीक गटलवार पिताश्री शैलेंद्र गटलवार का ओवर ब्रिज से उतरते समय घटनाग्रस्त हो गए थे, जिससे उनकी दुखद मृत्यु हो गई। घटना को सुनकर अभिषेक सिंह उनके घर पहुंचे और शोक संवेदना व्यक्त की। इसी तरह से वार्ड नंबर 24 की गुरुगोविंद सिंह वार्ड की पार्षद श्रीमती जया दुर्गेश यादव के पिताश्री अशोक यादव का निधन हो गया था, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह उनके घर पहुंच शोक संवेदना व्यक्त की। साथ ही पूर्व सांसद एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता प्रदीप गांधी के अग्रज भाई कमल गांधी के दुखद निधन पर भी शोक संवेदना व्यक्त करने हेतु अभिषेक सिंह उनके निवास स्थान पहुंचे। दुर्घटना में घायल मंडल महामंत्री हकीम खान के घर भी कुशलता पूछने के लिए अभिषेक सिंह उनके घर पहुंचे।

# श्याम नाम की मेंहदी मंडवा रहे...





राजनादगांव (नादगांव टाइम्स )। खाटू वाले श्याम प्रभु के जन्मोत्सव पर प्रथम दिवस मेंहदी उत्सव में श्रद्धालु माता - बहनों एवं बंधुओ ने बढ़ चढ़कर भाग लिया एवं अपने हाथो में श्याम नाम की मेहंदी मंडवाकर श्याम प्रभु के प्रति अपनी सच्ची श्रद्धा प्रकट की ।

प्रकाशक, सम्पादक व मुद्रक अशोक कुमार पाण्डे द्वारा आसमा पब्लिसर्श इंडिया (प्रा.) लिमिटेड रायपुर से मुद्रित व गंजचौक राजनांदगांव से प्रकाशित, सम्पादक- अशोक कुमार पाण्डे, मोः 94252-43311 Email: nandgaontimes@gmail.com